आईटीआई में अप्रेंटिसशिप मेला 20 को

साढौरा। कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग के निर्देशानुसार राजकीय आईटीआई में 20 अप्रैल को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया जा रहा है। इसमें लगभग 30 औद्योगिक प्रतिष्ठान भाग ले रहे हैं। प्रधानाचार्य सतनाम कौर ने बताया कि इस मेले में विभिन्न व्यवसायों से पिछले वर्षों में पास आउट ट्रेनीज को अप्रेंटिसशिप या रोजगार प्रदान किया जायेगा। रजिस्ट्रेशन करने हेतु संस्थान की ओर से क्यूआर कोड जारी किया गया है, जिसमें रजिस्ट्रेशन करते हुए छात्र-छात्राएं मेले में भाग ले सकते हैं। संवाद

आईटीआई में 20 को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेला

साढौरा। कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग के निदेर्शानुसार राजकीय आईटीआई में 20 अप्रैल को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया जा रहा है जिसमें लगभग 30 औद्योगिक प्रतिष्ठान भाग ले रहे हैं। प्रधानाचार्य सतनाम कौर ने बताया कि इस प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेले में विभिन्न व्यवसायों से पिछले वर्षों में पासआउट ट्रेनीज को अप्रैंटिशिप या रोजगार प्रदान किया जायेगा। रजिस्ट्रेशन करने हेतू संस्थान द्वारा क्यूआर कोड जारी किया गया है जिसमें रजिस्ट्रेशन करते हुए छात्र-छात्राएं मेले में भाग ले सकते है।

आईटीआई में 250 विद्यार्थियों का अप्रेंटिसशिप एवं रोजगार हेतु चयन

कुलदीप हर्ष



साढौरा। कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग पंचकूला के आदेशानुसार राजकीय आईटीआई में सोमवार को पीएमएनएएम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगरपालिका चेयरपर्सन शालिनी शर्मा ने मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की। शालिनी शर्मा ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को अपने कौशल को निखारने तथा उपलब्ध रोजगार अवसरों का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। इस मेले में लगभग 15 प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया तथा 450 से अधिक विद्यार्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। विभिन्न कंपनियों द्वारा चयन प्रक्रिया के दौरान लगभग 250 विद्यार्थियों का अप्रेंटिसशिप एवं रोजगार हेतु चयन किया गया। इस दौरान अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को प्री-प्लेसमेंट ऑफर भी प्रदान किए। जो संस्थान के लिए गर्व का विषय है। संस्थान की प्रधानाचार्या सतनाम कौर ने सभी अतिथि कंपनियों का स्वागत किया और विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों को रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करने में सहायक सिद्ध होते हैं। कार्यक्रम के समग्र प्रभारी रामपाल रहे। मंच संचालन कुलविंदर सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर संस्थान के रविंदर कुमार, सतीश कुमार, बिक्रम सिंह, इरफान, गुरदेव, मनीष कुमार, निर्मल सिंह, विनय कुमार, जॉनी सिंह, दिनेश कुमार, महेश, प्रदीप पन्नू, जतिन कपूर तथा जयदेव उपस्थित रहे।

दाखिलों में मार्गदर्शन के लिए आईटीआई में हेल्प डेस्क



साढौरा। राजकीय आईटीआई में दाखिला लेने के लिए 2 जून से ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। 15 जून तक जारी रहने वाली इस प्रक्रिया के दौरान अभ्यथीर्यों की सहायता के लिए आईटीआई में हेल्प डेस्क बनाया गया है। प्रधानाचार्या सतनाम कौर ने बताया कि संस्थान में विभिन्न तकनीकी एवं रोजगारपरक व्यवसायों में प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है, जिससे युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त होते हैं। उन्होंने क्षेत्र के युवाओं एवं अभिभावकों से अधिकाधिक संख्या में आईटीआई में प्रवेश लेकर कौशल आधारित प्रशिक्षण का लाभ उठाने का आह्वान किया। इच्छुक अभ्यर्थी प्रवेश प्रक्रिया, उपलब्ध व्यवसायों, पात्रता, आवश्यक दस्तावेजों एवं अन्य जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में संस्थान से संपर्क कर सकते हैं। संस्थान में ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने हेतु किसी प्रकार का कोई सेवा शुल्क नहीं लिया जा रहा है तथा आवेदन पत्र निःशुल्क भरे जा रहे हैं।

साढौरा आईटीआई में बनाई गई हेल्प डेस्क

साढौरा। राजकीय आईटीआई में सत्र 2026-27 के लिए दो जून से ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, जो 15 जून तक जारी रहेगी। विद्यार्थियों की सुविधा के लिए संस्थान में विशेष हेल्प डेस्क स्थापित की गई है। प्रधानाचार्या सतनाम कौर ने बताया कि संस्थान में विभिन्न तकनीकी एवं रोजगारपरक व्यवसायों का प्रशिक्षण दिया जाता है, जिससे युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त होते हैं। उन्होंने युवाओं प्रवेश लेकर कौशल आधारित प्रशिक्षण का लाभ उठाने का आह्वान किया। प्रवेश प्रक्रिया, पात्रता, आवश्यक दस्तावेज और उपलब्ध ट्रेडों की जानकारी के लिए अभ्यर्थी किसी भी कार्य दिवस में संस्थान से संपर्क कर सकते हैं। संवाद

आईटीआई में 16 जून को अप्रैन्टिशिप व प्री-प्लेसमेंट साक्षात्कार का आयोजन

कुलदीप हर्ष



कैम्पस साक्षात्कार की जानकारी देते हुए प्रधानाचार्या सतनाम कौर व अन्य

साढौरा। निदेशालय कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग पंचकूला के निदेर्शानुसार 16 जून को सुबह 9 बजे आईटीआई में विद्युतकार, टर्नर, फिटर, वैल्डर, मशीनिष्ट, मैकेनिक मोटर व्हिकल पेन्टर, डीएमएम, वायरमैन, प्लम्बर, कोपा, कारपेन्टर, सीएनसी मशीनिंग टेक्निशियन, स्टैनो हिन्दी, आर एंड एसी इत्यादि व्यवसायों के पासआउट तथा फाइनल वर्ष में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं के लिए अप्रैन्टिशिप व प्री-प्लेसमेंट ऑफर हेतू कैम्पस साक्षात्कार का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न एमएनसी व अन्य राष्ट्रीय स्तर की कम्पनीयों जैसे कि मैसर्ज स्वराज ईंजन लिमिटेड मोहाली, मैसर्ज ईस्जेक लिमिटेड यमुनानगर, मैसर्ज टाटा मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड चण्डीगढ़, मैसर्ज एलेना ऑटो इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड मोहाली, मैसर्ज चन्द्रपुर वर्क्स प्राइवेट लिमिटेड यमुनानगर, मैसर्ज गोदरेज प्राइवेट लिमिटेड मोहाली, मैसर्ज आईएसी इन्टरनेशनल आटोमोटिव इंडिया मानेसर, मैसर्ज ओजोन कालाअम्ब, मैसर्ज श्री इन्फ्रा बड़ा खुडा, श्री हर्टमेन इंडिया डेरा बस्सी इत्यादि भाग ले रही हैं। संस्थान की प्रधानाचार्या सतनाम कौर ने बताया कि राजकीय तथा प्राईवेट आईटीआई से पिछ्ले वर्षों में पास आउट तथा फाइनल वर्ष में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं के लिए जॉब मेला कैम्पस में अप्रैन्टिशिप व प्री-प्लेसमेंट ऑफर प्राप्त करने का एक सुनहरा अवसर है। इस जॉब मेला कैम्पस में जिला व राज्य के ज्यादा से ज्यादा युवाओं को भाग लेने के लिए विभिन्न माध्यमों से सूचित करके प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सभी पात्र अभ्यार्थी इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाकर अपने कौशल का विकास करें तथा उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर हों। इसके अतिरिक्त उन्होंने बताया कि मैसर्ज टाटा मोटर्स के साथ इस संस्थान ने एमओयु (क्वेस्ट एलायंस) साइन किया है, जिसके अन्तर्गत मैसर्ज टाटा मोटर्स इस संस्थान में अपने आधुनिक यंत्र व छात्रों को आधुनिक ट्रेनिंग देने उपरान्त रोजगार के अवसर भी मुहैया करवाएगी।

रोजगार मेले में 42 छात्रों का चयन

साढौरा। कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग की ओर से मंगलवार को आईटीआई में रोजगार मेला लगाया गया। मेले में विभिन्न ट्रेडों से पास 54 विद्यार्थियों ने अप्रेंटिसशिप और प्लेसमेंट के अवसर प्राप्त करने के लिए भाग लिया। रोजगार मेले में पांच एमएनसी और अन्य राष्ट्रीय स्तर की कंपनियों ने हिस्सा लिया। कंपनियों के तकनीकी और एचआर प्रबंधकों ने विभिन्न ट्रेडों के विद्यार्थियों के साक्षात्कार लिए। साक्षात्कार के बाद कंपनियों ने 42 विद्यार्थियों को अप्रेंटिसशिप व प्लेसमेंट के लिए शॉर्टलिस्ट किया। संस्थान प्राचार्या सतनाम कौर ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। संवाद

आईटीआई में रोजगार मेले का शुभारंभ

साढौरा। निदेशालय कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग के निदेर्शानुसार



मंगलवार को आईटीआई में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न व्यवसायों जैसे विद्युतकार, टर्नर, फिटर, वैल्डर, मशीनिष्ट, मैकेनिक मोटर वेहिक्ल, पेन्टर, डीएमएम, वायरमैन, प्लम्बर, कोपा, कारपेन्टर, सीएनसी मशीनिंग तकनीशियन, स्टैनो (हिन्दी), आर एंड एसी इत्यादि के पासआउट छात्र-छात्राओं ने अप्रैन्टिशिप व प्लेसमेंट ऑफर प्राप्त करने हेतू भाग लिया। इस मेले में विभिन्न एमएनसी व अन्य राष्ट्रीय स्तर की 5 कम्पनीयों ने भाग लिया।संस्थान में इस कैम्पस साक्षात्कार के दौरान उपरोक्त प्रतिष्ठित औद्योगिक प्रतिष्ठानों के तकनीकी व एचआर प्रबंधकों की टीम ने अपने-अपने व्यवसायों अनुसार छात्र-छात्राओं का साक्षात्कार लिया और अपनी अपनी कम्पनी की आवश्यकतानुसार और मौके पर ही अप्रैन्टिशिप व प्लेसमेंट ऑफर हेतू लगभग 42 छात्र-छात्राओं को शोर्टलिस्ट किया। इस संस्थान द्वारा आयोजित इस रोजगार मेले में इस संस्थान के विभिन्न व्यवसायों के लगभग 54 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। संस्थान की प्रधानाचार्या सतनाम कौर द्वारा विभिन्न कम्पनियों के प्रतिनिधियों का संस्थान में पहुंचने पर आभार व्यक्त किया गया तथा छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने बताया कि इस संस्थान में पासआउट छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य हेतू निदेशालय के निदेर्शानुसार रोजगार मेलों का आयोजन करवाया जाता है और इन रोजगार मेलों का मुख्य उद्देश्य सभी बेरोजगार युवाओं को कौशल शिक्षा प्रदान करने उपरान्त उन्हें विभिन्न कम्पनियों में जॉब प्रदान करते हुए उनके बेहतर भविष्य तैयार करना है। इस रोजगार मेले को सफल बनाने में रामपाल, वर्ग अनुदेशक एवं जेएपीओ का विशेष योगदान रहा। इस कैम्पस साक्षात्कार के दौरान संस्थान के समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।